(b) मैक्स लाइफ इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस कार्पोरेशन
(c) एच.डी.एफ.सी. लाइफ इंश्योरेंस और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी
(d) ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और मैक्स लाइफ इंश्योरेंस

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021

Ans. (d) : आयुष्मान भारत महात्मा गाँधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत ओरिएण्टल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड और मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के मध्य एम.ओ.यू. निष्पादित हुआ है। इस योजना के तहत वर्ष 2022 में राज्य के 17 सरकारी अस्पतालों एवं 2 निजी अस्पतालों को योजना के अन्तर्गत जोड़ा गया है। एक करोड़ 10 लाख से अधिक परिवारों को योजना के तहत 5 लाख रूपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जायेगी।

1737. राजस्थान सरकार की मोक्ष कलश योजना के लिए कौन सा कथन सही है?
(a) अस्थि विसर्जन के लिए मृतक व्यक्ति के रिश्तेदारों के लिए हरिद्वार का 2 निःशुल्क टिकट
(b) मृत व्यक्ति की राख को केदारनाथ में मुफ्त भेजना
(c) निःशुल्क दाह-संस्कार प्रक्रिया
(d) इनमें से कोई नहीं

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती-29.09.2022

Ans. (a) : राजस्थान सरकार की मोक्ष कलश योजना के अंतर्गत अपनों की अस्थियाँ गंगा में प्रवाहित करने के लिए सरकार द्वारा मृत व्यक्ति के परिवार के दो व्यक्तियों को हरिद्वार की निःशुल्क यात्रा कराना है। इस योजना की नोडल एजेंसी राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम होगा जबकि योजना के अन्तर्गत होने वाले समस्त व्ययों के भुगतान की व्यवस्था देवस्थान विभाग करेगा।

1738. राजस्थान सरकार की योजना इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना के तहत 2022 में राजस्थान की गर्भवती महिलाओं को पोषण के लिए कितनी राशि प्रदान की जाती है?
(a) रु.500 (b) रु. 6,000
(c) रु. 10,000 (d) रु. 50,000

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती-29.09.2022

Ans. (b) : इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना के अन्तर्गत राजस्थान की गर्भवती महिलाओं को 5 किस्तों में 6000 रूपये प्रदान किये जायेंगे। वर्ष 2022 से पाँच जिलों के बजाय पूरे राज्य में अब यह योजना संचालित की जायेगी। बीपीएल परिवार की महिलायें इस योजना का लाभ ले सकती है।

1739. राजस्थान सरकार की मुख्यमंत्री पालनहार योजना का मुख्य उद्देश्य हैः
(a) गर्भवती महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना।
(b) अनाथ के निकटतम रिश्तेदारों या किसी भी संस्थान को उनके पालन-पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक जरूरतों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना।
(c) शिशु मृत्यु दर को कम करना।
(d) बुजुर्गों के लिए पेंशन योजना प्रदान करना।

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती-29.09.2022

Ans. (b) : मुख्यमंत्री पालनहार योजना का उद्देश्य अनाथ बच्चों के पालन-पोषण, शिक्षा आदि की व्यवस्था समाज के भीतर ही बालक-बालिकाओं में निकटतम रिश्तेदारों/परिचितों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर करना है। यह योजना वर्ष 2005 से लागू की गई है। इसमें शामिल पालनहार परिवार की वार्षिक आय 1.20 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

1740. राजस्थान बैक टू वर्क योजना 2021 राजस्थान के निम्नलिखित लोगों में से किसकी मदद के लिए शुरू की गई है?
(a) ग्रामीण पुरूषों (b) महिलाओं
(c) प्रत्येक (d) इनमें से कोई नहीं

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती-29.09.2022

Ans. (d) : राजस्थान बैक टू वर्क योजना 2021, राजस्थान में पारिवारिक परिस्थितियों के कारण जॉब छोड़ने वाली महिलाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया है। योजना के अंतर्गत 3 वर्षों में 15 हजार महिलाओं को निजी क्षेत्र में जॉब दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। तलाकशुदा, परित्यकता, विधवा एवं हिंसा से पीड़ित महिलाओं को इसमें प्राथमिकता दी जायेगी।

1741. पन्नाधाय जीवन अमृत योजना के तहत बीपीएल परिवार को वित्तीय सहायता के रूप में कितनी राशि प्रदान की जाती है, यदि मुख्य सदस्य की बीमारी या दुर्घटना के अलावा किसी अन्य कारण से मृत्यु हो जाती है?
(a) रु.30,000 (b) रु.25,000
(c) रु.50,000 (d) इनमें से कोई नहीं

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती-29.09.2022

Ans. (a) : पन्नाधाय जीवन अमृत योजना 14अगस्त 2006 को राजस्थान में प्रारम्भ की गई थी। इस योजना के अन्तर्गत बी.पी.एल. परिवार के मुखिया (बीमित) की परिपक्वता पर 30 हजार रूपये तथा दुर्घटना पर सहायता राशि भुगतान करने का प्रावधान है।
इसके अन्तर्गत बी.पी.एल. परिवार के मुखिया की मृत्यु होने पर 30 हजार रूपये तथा दुर्घटना मृत्यु की स्थिति में 75 हजार रूपये देने का प्रावधान है। योजना का नोडल विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार होगा।

1742. राजस्थान सरकार की जनता जल योजना निम्नलिखित में से किस जिले में संचालित नहीं है?
(a) जयपुर (b) अजमेर
(c) बीकानेर (d) अलवर

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती-29.09.2022

Ans. (c) : ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 31 जिलों में 6523 जनता जल योजनाएं संचालित है। इस योजना में बीकानेर और जैसलमेर शामिल नहीं है।

1743. राजस्थान सरकार और महिला एवं बाल विकास विभाग की निम्नलिखित में से कौन सी योजना ड्रॉपआउट लड़कियों को शिक्षित करने के लिए है?
(a) शिक्षा सेतु योजना
(b) कौशल सामर्थ्य योजना
(c) इंदिरा शक्ति प्रोत्साहन योजना
(d) इनमें से कोई नहीं

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती-29.09.2022